हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

04 जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत...



07 हनुमान जन्मोत्सवः दिलेर खालसा अखाड़े ने...





**खबर संक्षेप**

### आज से बीएसआई मैदान पर क्रिकेट का महाकुंभ का शुभारंभ

**सीहोर।** शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए शनिवार से बीएसआई मैदान पर सीएम स्पोटर्स और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आठ टीमों के मध्य जबरदस्त मुकाबले आयोजित किए जाऐंगे। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए सुबह साढ़े नौ बजे भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकेन्द्र मेवाड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और आयोजन समिति के पदाधिकारी और सीनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगे। इसके लिए आयोजन समिति के चेतन मेवाड़ा ने एक सीमित का गठन किया है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया आदि को शामिल किया गया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे लाल घाटी और सीहोर यंग स्टार के मध्य पहले मैच से स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा दूसरा मैच रेहटी और अलअहमद क्रिकेट टीम के मध्य दोपहर एक बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता में आठ टीमों को शामिल किया गया है।

### तेज हवा से कई पेड़ धराशायी, बिजली के पोल टूटे, रात में रहा ब्लैक आउट, सुबह तक हुई बिजली बहाल

# 70 किमी की रफ्तार से चली तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, मकानों के छप्पर उड़े

गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली काट दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार रात कुदरत ने जबरदस्त कहर बरपाया। करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी और गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर वेब सीरीज 'पंचायत' के सेट पर पड़ा, जहां तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है।

बता दें गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली काट दी गई। पूरा सीहोर करीब डेढ़ घंटे तक अंधेरे की आगोश में रहा। आंधी थमने के बाद भी रिमझिम बारिश हुई और रात करीब 12.30 बजे के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।






#### 'पंचायत' के सेट पर मचा हड़कंप

नजदीकी महोडिय़ा गांव में इन दिनों बहुचर्चित वेब सीरीज पंचायत के सीजन-5 की शूटिंग चल रही है। रात को आई आंधी ने यहां जमकर नुकसान पहुंचाया। यूनिट के लाइन प्रोड्यूसर जीशान जाफरी ने बताया कि हवा इतनी तेज थी कि शूटिंग के लिए लगाए गए टेंट और अन्य साजो-सामान हवा में उड़ गए। क्रू मेंबर्स के लिए बना खाना भी धूल और बारिश की भेंट चढ़ गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी सदस्य घायल नहीं हुआए लेकिन वफिलहाल शूटिंग रोकनी पड़ी है। गौरतलब है कि महोडिय़ा में 16 मार्च से 9 अप्रैल तक का शेड्यूल तय है, जिसमें 200 से अधिक लोग काम कर रहे हैं।

#### धूप के बाद अचानक बदला मिजाज

बता दें मौसम का मिजाज बदला-बदला सा रहा। दिन भर तेज धूप खिली थी और अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन रात होते-होते पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम पलट गया। मौसम विभाग ने जिलेवासियों के लिए चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में एक मजबूत वेदर सिस्टम सक्रिय है। 7 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देगा। 10 अप्रैल तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी।

## सूदखोरी से तंग आकर युवक ने खाया जहर, वीडियो हुआ वायरल





#### वीडियो में गटका जहर, अस्पताल में हालत गंभीर

सोशल मीडिया पर सामने आए इस वीडियो के अंत में युवक एक शीशी से कोई जहरीला पदार्थ पीते हुए दिखाई दे रहा है। जहर खाने के बाद जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे आनन फानन में भेरूंदा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाम 7 बजे उसे सीहोर रेफर कर दिया। रात लगभग 9 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उसका उपचार जारी है।

**भैरुंदा।** जिले के भेरूंदा क्षेत्र में सूदखोरी का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने सूदखोरों की प्रताडऩा और धमकियों से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कदम उठाने से पहले युवक ने एक भावुक वीडियो भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी आपबीती सुनाते हुए तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

वायरल वीडियो में युवक की पहचान अशोक राठौर के रूप में हुई है। युवक ने आरोप लगाया कि उसने अपनी जरूरतों के लिए 40 हजार रुपये 20 प्रतिशत के भारी ब्याज पर उधार लिए थे। युवक का कहना है कि वह लगातार कर्ज चुकाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन सूदखोर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

#### हाथ-पैर तोड़ने की धमकी

अशोक ने वीडियो में अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि आरोपियों ने उसे सरेआम अपमानित किया। उसका दावा है कि दो बार एक ढाबे पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और सरेराह गालियां दी गईं। आरोपी उसे लगातार फोन पर और मिलकर हाथ-पैर तोडऩे की धमकी दे रहे थे, जिससे वह बुरी तरह डर गया था। इधर इस सनसनीखेज मामले में पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

भेरूंदा एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है, लेकिन फिलहाल इसकी आधिकारिक सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

## जिलेवासियों की सेहत से खिलवाड़, मिलावटखोरी में सीहोर टॉप-10 में, फिर भी दागी दुकानदारों पर मेहरबान विभाग

### जिले में खाद्य सामग्रियों के 55 सैंपल फेल, नाम सार्वजनिक हो तो अलर्ट हो जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की सुस्ती आम जनता की सेहत पर भारी पड़ रही है। मध्य प्रदेश के टॉप-10 मिलावटखोर जिलों की सूची में सीहोर का नौवें स्थान पर आना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि जिले के स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रमाण है। 'शुद्ध के लिए युद्ध' जैसे नारों के बीच जिले में 55 फूड सैंपल फेल पाए गए हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि विभाग उन मिलावटखोरों के नाम सार्वजनिक करने से कतरा रहा है जो लोगों की थाली में धीमा जहर परोस रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की हालिया रिपोर्ट ने जिले में हडक़ंप मचा दिया है। पिछले तीन सालों में लिए गए सैंपल्स की सामूहिक रिपोर्ट बताती है कि (ग्वालियर 420 फेल सैंपल) के बाद प्रदेश के चुनिंदा प्रदूषित जिलों में सीहोर भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार हमारे दैनिक आहार का हिस्सा बनने वाले दूध, मावा, पनीर और घी जैसे डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई गई है।

#### जब मौत के करीब पहुंचे 200 ग्रामीण

मिलावटखोरी का सबसे डरावना चेहरा हाल ही में इछावर तहसील के ग्राम बबडिय़ा नोआबाद में देखने को मिला। एक शादी समारोह में दूषित भोजन करने से 200 से अधिक लोग एक साथ बीमार पड़ गए। पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा तफरी का माहौल रहा। बुजुर्गों और बच्चों की हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें आपातकालीन वार्डों में भर्ती करना पड़ा। बड़ा सवाल यह है कि इस घटना को आठ दिन से ज्यादा हो, लेकिन आज तक जिला खाद्य विभाग यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि उस शादी में सामग्री किस दुकान से आई थी।

#### सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई कार्रवाई

सीहोर में खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली केवल त्योहारों के समय सैंपल लेने तक सीमित रह गई है। सैंपल फेल होने के बाद जुर्माना लगाकर फाइलें बंद कर दी जाती हैं। जनता का आरोप है कि विभाग और मिलावटखोरों के बीच एक ऐसी सांठगांठ है, जिसके चलते आम आदमी की जान जोखिम में है।

#### नाम बताने में विभाग की 'मजबूरी' क्या है?

जिलेवासियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब विभाग को पता है कि कौन सी दुकान का सैंपल फेल हुआ है तो उन नामों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता। क्या विभाग मिलावटखोरों को सुधारने का मौका दे रहा है या उन्हें संरक्षण दे रहा है। अगर जनता को पता होगा कि किस मिठाई की दुकान या डेयरी पर नकली पनीर मिल रहा है तो लोग वहां जाने से बचेंगे। नाम छिपाकर विभाग सीधे तौर पर जनता को उन्हीं असुरक्षित दुकानों पर जाने के लिए मजबूर कर रहा है।

## विद्यार्थियों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में संस्कार मंच की ओर से अनेक विद्यार्थियों ने आश्रम में पहुंचकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों के साथ बातचीत की। इस मौके पर एमबीबीएस में अध्ययनरत शुभम मोगरे, हर्ष नामदेव और विष्णु सोनकर आदि शामिल थे। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने कहाकि वृद्घों की सेवा ही सबसे बड़ा परोपकार है। आज हम बुजुर्गों को भूलते जा रहे हैं। जिंदगी में कुछ सीखना है तो बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना जरूरी है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने यहां पर निवासरत वृद्धजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया।

### किसानों को दी गई जल प्रबंधन के महत्व और संयंत्र संचालन की जानकारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी द्वारा जिले में विकासखण्ड स्तर पर जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

सहायक संचालक जगदीश मुजाल्दा ने बताया कि विभाग द्वारा ‘पर ड्रॉप मोर क्रॉपर’ योजना के अंतर्गत ग्राम कोठरी के किसान प्रमोद कासनिया एवं किसान आनन्द कासनिया के प्रक्षेत्रों पर 0.5-0.5 हैक्टेयर में ड्रिप संयंत्र स्थापित कराए गए हैं। इसके साथ ही वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा किसानों को जल प्रबंधन के महत्व और संयंत्र संचालन एवं रख-रखाव पर भी जानकारी दी गई।

### मुनादी कराकर किया आम जनता को जल संरक्षण के प्रति जागरूक

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधरोपण करके ली जल और प्रकृति संरक्षण की शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।

**पौधारोपण कर ली जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ :** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधनी नगर परिषद द्वारा बुधनी के अदालत कालोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और नागरिकों ने पौधारोपण किया और जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ ली। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भैरूंदा नगर परिषद द्वारा जागरूकता वाहन के माध्यम से नगर के सभी वार्डों में मुनादी कराकर नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही जल एवं प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

**ध्यान लगाया और ली जल संरक्षण की शपथ :** जन अभियान परिषद एवं सुपर विजन सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा अभियान के तहत सीवन नदी पर जल संरक्षण के उद्देश्य से ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्यों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने ध्यान लगाया, नदी किनारे साफ-सफाई की और जल संरक्षण की शपथ भी ली।

## उपार्जन से पहले गोदामों में गेहूं भंडारण के सत्यापन के लिए जांच दल गठित

### 2 दिन में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। रबी उपार्जन वर्ष अंतर्गत अन्य जिलों में खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों पर खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व एवं बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं भंडारित करने का प्रकरण प्रकाश में आया है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों में इस वर्ष की खरीदी से पहले गेहूं के भण्डारण का भौतिक सत्यापन करने के लिए तहसीलवार एवं गोदामवार अधिकारियों के जांच दल गठित किए गए हैं।

सभी अधिकारियों को गेहूं उपार्जन के लिए चिन्हांकित गोदामों की जांच कर 02 दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश के पश्चात अधिकारियों के जांच दल गोदामों का निरीक्षण करने पहुंचे। जांच दलों द्वारा श्यामपुर स्थित जानकी वेयर हाउस, नीलेश वेयर हाउस कान्याखेड़ी स्थित पटेल वेयर हाउस, गिल्लोर स्थित सुदामा वेयरहाउस, बड़नगर स्थित कमला वेयरहाउस, प्रतीभा श्री वेयरहाउस, बोरदी कला स्थित श्री अष्ट विनायक वेयरहाउस, पांगरखाती स्थित कमला श्री वेयरहाउस, भंवरी कला महाकाल वेयर हाउस सहित जिले अनेक वेयरहाउसों का निरीक्षण किया गया।

**खबर संक्षेप**



## रामसिंह थरेले के निधन पर सेवादल कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**सीहोर।** जाटव समाज के ग्राम लसुडिया परिहार निवासी धनराज थरेले, कमल किशोर जाटव, भँवरलाल थरेले के पिता धनराज थरेले, कमल किशोर जाटव, भँवरलाल थरेले के पिता वरिष्ठ समाजसेवी रामसिंह थरेले का अनायस निधन पर उनके वर्तमान निवास डॉ.अम्बेडकर नगर गंज सीहोर में सेवादल कांग्रेस द्वारा शोकसभा का आयोजन कर पवित्रम पाठ कार्यक्रम में भगवान बुद्ध व डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पमालाऐं अर्पित की एवं स्व.रामसिंह थरेले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभिनी श्रद्धांजलि दी गई तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर प्रार्थना कर मृतक आत्मा को श्री चरणों स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर तत्कालीन क्षेत्रीय पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले ने स्व.श्री रामसिंह थरेले द्वारा समाजहित में किये गये उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद कर उनके सपनों को पुरा करते हुए उनके द्वारा बताये हुए रास्तों पर चलना है। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित जाटव समाज के महिला पुरुषों ने पवित्रम पाठ में हिस्सा लेकर सामूहिक भोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक, मनोज फरेला, सन्नी जाटव, हितेन्द्र कचनेरिया, कपिल पुरविया, अभय अहिरवार, राहुल जाटव, नरेन्द्र बनवैया, टीटु कचनेरिया, उमेश मंगरोलिया आदि उपस्थित रहे।

## 57 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 02 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 57 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

### इ जीरो एफआईआर: पुलिस ने 1500 किमी दूर झारखंड गैंग का पर्दाफाश किया

# 4.75 लाख की साइबर ठगी में 4 लाख बरामद किए, 4 आरोपी भी गिरफ्तार

### ऑपरेशन साइबर में 2.50 करोड़ से ज्यादा राशि होल्ड, 2500 मोबाइल नंबर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश में साइबर अपराधों पर लगाम कसने के लिए लागू की गई इ जीरो एफआईआर प्रणाली अब असर दिखाने लगी है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में देवास पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1500 किलोमीटर दूर झारखंड के गिरिडीह जिले में सक्रिय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है।



**4.75 लाख की ठगी, 4.01 लाख बरामद**

मामला 3 जनवरी 2026 का है, जब नाहर दरवाजा क्षेत्र निवासी युवक के साथ 4.75 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। वाट्सएप पर "RTO Chalan.apk" नाम की फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से रकम निकल गई। शिकायत मिलते ही e-FIR दर्ज कर पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बैंक खातों को फ्रीज करवाया और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई। कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.01 लाख रुपये और 4 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

**1500 किमी दूर झारखंड से गिरफ्तारी**

जांच में सामने आया कि आरोपी गिरिडीह (झारखंड) के संगठित गिरोह से जुड़े हैं। देवास पुलिस ने टीम भेजकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन साइबर" के तहत अब तक 2.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी राशि होल्ड करवाई गई है, जबकि 2.43 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए जा चुके हैं। साइबर ठगी पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने अब तक 2500 संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ब्लॉक करवाया है, जिससे ठगों के नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ा है। इस नई प्रणाली के तहत 1 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी की शिकायत 1930 हेल्पलाइन या पोर्टल पर दर्ज होते ही स्वतः e-FIR दर्ज हो जाती है। इससे शुरुआती "गोल्डन ऑवर" में कार्रवाई कर राशि फ्रीज करना आसान हो गया है और पीड़ितों को जल्द राहत मिल रही है। कार्रवाई में नाहर दरवाजा थाना और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी जांच और त्वरित कार्रवाई से आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नाहर दरवाज निरीक्षक अमित सोलंकी,उनि जगदीश चौहान, प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी,धर्मराज सिंह,यशवंत तोमर,आर नवदीप महाजन एवं प्रभारी सायबर सेल प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, प्रआर सचिन चौहान, मप्रआर गीतिका कानूनगो, मआर आरती सिंह,मआर नैना खान,निशा पाटोरिया, आर मोनू राणावत, राहुल बडोले का विशेष योगदान रहा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पौधरोपण,महिलाओं की सक्रिय भागीदारी



**बुधनी।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित अदालत कॉलोनी में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वुमन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी,पार्षद प्रभात भदोरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं सभी ने जल संरक्षण,हरित पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से पौधरोपण किया।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन को लेकर जागरूकता का संदेश भी दिया गया उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। स्थानीय नागरिकों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है कार्यक्रम को क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान किया

**देवास।** रिकॉर्ड वसूली पर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त व अधिकारियों का सम्मान किया। नगर पालिक निगम ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष धनंजय गायकवाड ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में की गई रिकॉर्ड वसूली से ठेकेदारों एवं एसोसिएशन में खुशी का माहौल है। शहर के विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों के भुगतान नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल द्वारा समय पर किए जाने से सभी में संतोष और उत्साह देखा जा रहा है। इस उपलब्धि पर ठेकेदारों ने आयुक्त दलीप कुमार एवं उपायुक्त दीपक पटेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर हनुमान जयंती मनाकर उपहार भी दिए



**भैरुंदा।** एक ओर जहां पूरा देश हनुमान जयंती के उल्लास में डूबा रहा, वहीं भैरुंदा क्षेत्र में इस पर्व पर एक अलग ही संवेदनशील तस्वीर देखने को मिली। कांग्रेस नेता एवं नर्मदा परिक्रमा वासी विक्रम शर्मा ने उत्सव मनाने के बजाय ग्राम सिंहपुर पहुंचकर नसबंदी ऑपरेशन में लापरवाही का शिकार हुई मृतका शिवानी बारेला के परिजनों के बीच समय बिताया।

विक्रम शर्मा ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए बच्चों को कपड़े व उपहार भेंट किए तथा 5 हजार रुपये की नकद सहायता भी प्रदान की। इस दौरान भावुक माहौल के बीच उन्होंने घोषणा की कि वे शिवानी के बच्चों की पूरी पढ़ाई का खर्च उठाएंगे और भविष्य में उनके विवाह की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

उल्लेखनीय है कि मृतका के पति नवल सिंह के अनुसार 12 जनवरी को भैरुंदा के शासकीय अस्पताल में शिवानी का नसबंदी ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के कुछ ही घंटों बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन घर पहुंचने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। अगले दिन उसे फिर अस्पताल ले जाया गया, जहां से सीहोर और बाद में हमीदिया अस्पताल भोपाल रेफर किया गया।

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण गलत नस कट जाने से शरीर में जहर फैल गया, जिससे शिवानी की मौत हो गई। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान विक्रम शर्मा ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने पहले 5 लाख रुपये की सहायता का वादा किया था, लेकिन अब मात्र 50 हजार रुपये देकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और शेष सहायता राशि तत्काल जारी करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवार आज भी न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है, जो व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। शर्मा ने नवल सिंह को भरोसा दिलाया कि वे इस लड़ाई में उनके साथ खड़े रहेंगे।

## कई पुण्यों के बाद मिलते हैं ऐसे आयोजनों में जाने के अवसरः जसपाल सिंह अरोरा

### पूर्व जिपं व पूर्व नपा अध्यक्ष अरोरा ने किए श्रीराम महायज्ञ में पहुंचकर दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने सीहोर विधानसभा के ग्राम हसनपुर तीनोनिया रामजाखेड़ी में स्थित कांकड़ वाले हनुमान मंदिर पर पहुंचकर यहां चल रहे श्रीराम महायज्ञ के दर्शन किए एवं व्यास पीठ की भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में जाने के अवसर कई पुण्यों के बाद मिलते हैं। हम भाग्यशाली हैं कि हमने ऐसी धरती पर जन्म लिया है, जहां वर्ष के 12 माह धार्मिक आयोजन, श्रीराम कथा, श्रीमद्भागवत कथा सहित अन्य आयोजन होते हैं। ऐसे आयोजनों में पहुंचना और संत, महात्माओं के दर्शन करना बड़े ही भाग्य की बात होती है। श्री अरोरा ने कहा कि ऐसे आयोजन जहां हमारी सनातन संस्कृति की रक्षा करते हैं तो वहीं हमारी आने वाली पीढ़ियां भी ऐसे आयोजनों से सीखती है, ताकि भविष्य में भी वे ऐसे आयोजन करते रहे। उन्होंने आयोजकों को साधुवाद भी दिया कि उन्होंने ऐसा भव्य आयोजन तीनोनिया रामजाखेड़ी की धरती पर किया। इस अवसर पर जसपाल सिंह अरोरा ने श्री हनुमान जयंती के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं दीं तो वहीं सभी की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना भी की। इस अवसर पर श्री अरोरा मित्र मंडल के सदस्य एवं समर्थक भी मौजूद रहे।

## हर्षोउल्लास से मनाया जाएगा ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव, आयोजन समिति की बैठक संपन्न



**सीहोर।** महिलाओं में शिक्षा की जोत जलाने वाले ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव आगामी 11 अप्रैल शनिवार को जिला मुख्यलय पर हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को वसुंधरा भवन भोपाल नाका मैं समिति के द्वारा बैठक आयोजित की गई। पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक का शुभारंभ ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती को लेकर रूपरेखा तैयार की गई और व्यवस्थाओं को लेकर बातचीत चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से श्याम सिंह मीणा, कमल कीर,दिनेश पुष्पद, मुकेश कुशवाहा, विष्णु प्रसाद, कन्हैयालाल, रामचंद्र माली, सत्यनारायण माली, कमल सिंह कवि, ज्ञानसिंह गुणवान,दयाराम सागर, हरीश लोधी, दीपक भारती, रामेश्वर सिंह, जन्म सिंह परमार, गुलाब सिंह बागवान, श्याम लाल परमार आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## श्रद्धा भक्ति सेवा समिति ने जाग्रति हनुमान मंडल का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम भाऊखेड़ी के युवाओं के द्वारा 2020 से अभी तक 365 से अधिक ग्रामों में भगवान श्रीराम की भक्ति के साथ हनुमान का ध्वज लेकर जाग्रति करने वाले जाग्रति हनुमान मंडल का श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह ने स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर हनुमान मंडल के गायक कुमेर प्रजापति ने बताया कि हमारे मंडल ने कोरोना काल के दौरान जाग्रति हनुमान मंडल का निर्माण किया था, इसका उद्देश्य लोगों में सनातन धर्म को जोड़ने के अलावा विश्व में कोरोना जैसी महामारी फिर से न हो और सभी लोग स्वस्थ्य रहे। इसी कामना के साथ मंडल ने संकल्प लिया है। हमारा लक्ष्य है कि करीब 11 सौ से अधिक गांवों तक भगवान श्रीराम के साथ-साथ हनुमान का ध्वज पहुंचे, अब तक करीब 365 ग्रामों तक हमारे मंडल की ओर से विरेन्द्र वर्मा, जय सिंह ठाकुर, दीपक सेन और मनीष नागर पहुंच गए है।

इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक श्री सिंह ने कहाकि भगवान राम और हनुमान का प्रेम अटूट समर्पण, निस्वार्थ सेवा और भक्ति का सर्वोच्च प्रतीक है, जो अमर है। हनुमान जी ने अपना पूरा जीवन राम की सेवा में समर्पित कर दिया, बदले में राम ने उन्हें अपने हृदय में स्थान दिया। वे केवल सेवक-स्वामी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं, जहां राम-कथा और सत्संग होती है, वहां हनुमान जी सूक्ष्म रूप में उपस्थित रहते हैं। आधुनिक समय के सबसे जागृत, सिद्ध, चमत्कार घटित करने वाले एवं अपने भक्तों के दुःखों को हरने वाले भगवान हनुमान हैं, उनका चरित्र अतुलित पराक्रम, ज्ञान और शक्ति के बाद भी अहंकार से विहीन था। यही आदर्श आज हमारे लिये प्रकाश स्तंभ हैं, जो विषमताओं से भरे हुए संसार सागर में हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि असंभव लगने वाले कार्यों में भी जब हनुमानजी ने विजय प्राप्त की तब भी उन्होंने प्रत्येक सफलता का श्रेय सो सब तव प्रताप रघुराई कहकर अपने स्वामी को समर्पित कर दिया। पूरी मेहनत करना पर श्रेय प्राप्ति की इच्छा न रखना सेवक का देव दुर्लभ गुण होता है, जो उसे अन्य सभी सद्गुणों का उपहार दे देता है। यहीं हनुमानजी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं।

### महाकाल महाकाली बालिका गणगौर मंडल ने मनमोहक प्रस्तुति दी

# भव्यता और आस्था के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, दिनभर गूंजते रहे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नगर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रेहटी के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में दिनभर धार्मिक आयोजनों और भक्तिमय कार्यक्रमों की धूम रही, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पवनपुत्र हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।





प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। सुबह अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इसके साथ ही हनुमान जी का विधि-विधान से महारुद्र अभिषेक किया गया, जिसमें मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से पूजन संपन्न हुआ।

सुबह 10:00 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण करी जिसके बाद दोपहर 12 बजे महा आरती का आयोजन किया गया, जो इस पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। महा आरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा और "जय श्री राम" व "जय बजरंगबली" के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान एक श्रद्धालु द्वारा हनुमान जी को चांदी का भव्य हार अर्पित किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और भक्ति भाव को और भी प्रगाढ़ बना दिया।

रात्रि में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। महाकाल महाकाली बालिका गणगौर मंडल की गायिका नंदिनी यदुवंशी द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंडल की प्रस्तुतियों में भक्ति, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवाओं ने भाग लिया और कलाकारों की प्रस्तुति की जमकर सराहना की। बजरंग चौक उत्सव समिति द्वारा पूरे वर्ष बजरंग मंदिर प्रांगण में जितने भी त्योहार होते है।वह नागरिकों के सहयोग से बजरंग चौक उत्सव समिति आयोजित करती है। उत्सव समिति के युवा सदस्य कार्यक्रमों के लिए लगातार मेहनत करते हैं वही नगर वासी भी इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं।

पूरे दिन चले इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी जीवंत किया। आयोजन की भव्यता और भक्तों की अपार श्रद्धा ने हनुमान जन्मोत्सव को यादगार बना दिया।

संपूर्ण जिले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, चल-समारोह, भंडारों के साथ मनाया गया पर्व

# हनुमान जन्मोत्सवः दिलेर खालसा अखाड़े ने रामभक्तों की रग-रग में भरा जोश





## मुख्यालय पर निकले एतिहासिक अखाड़े में कलाकारों ने दी हैरतअंगेज प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अंजनीपुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव संपूर्ण जिले में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन, अनुष्ठानों के साथ उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर न केवल राजगढ़ मुख्यालय बल्कि जिले के सभी शहरों, कस्बों, गांवों में विशेष अनुष्ठानों के साथ पवनपुत्र की शोभायात्राओं के आयोजनों के साथ अविरल सुंदरकाण्ड, भंडारे इत्यादि के आयोजन रखे गए। राजगढ़ मुख्यालय पर पवनपुत्र के जन्मोत्सव को पंजाब से आमंत्रित किए गए दिलेर खालसा ग्रुप के विशेष अखाड़े ने एतिहासिक बना दिया। स्थानीय मनकामनेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त शाम करीब 4 बजे आरंभ हुआ अखाड़ा कलाकारों की हैरतअंगेज प्रस्तुतियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ देर रात्रि काशीपुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचा जहां महाआरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया। अखाड़े के साथ-साथ भगवान हनुमान की विशेष मिट्टी से बनवाई गई प्रतिमा सभी के आकर्षण केंद्र रही और उसके आगे चल रहे अखाड़े के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बच्चों, बड़ों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान समूचा क्षेत्र भगवान राम के जयकारों से गुंजायमान होता नजर आया।

### नगर में भी निकला एतिहासिक चल-समारोह

**नरसिंहगढ़।** मुख्यालय सहित नरसिंहगढ़ नगर में भी भगवान एतिहासिक चल-समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में ध्वज-पताकाओं, ढोल-नगाड़ों और डीजे पर बजते भजनों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा। युवाओं ने रामभक्त के गीतों की धुन पर जमकर नृत्य करते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। विधायक मोहन शर्मा, समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर के श्री मारूतिनंदन मंदिर में दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के पश्चात शाम को महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्थानीय गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर देर रात तक भक्तिमय समां बांधे रखा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वहीं संध्या ट्रेवल्स द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई।

### निकला भव्य चल समारोह जयकारों से गूंजा शहर

**खुजनेर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर खुजनेर सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल रहा विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड खुजनेर के तत्वावधान में शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए चल समारोह की शुरुआत 4 बजे झिरीवाले मंदिर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुई डीजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकले जुलूस में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने लट्ठबाजी सहित पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित किया शोभायात्रा खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराना थाना, हाट बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः खेड़ापति मंदिर परिसर पहुंचा जहां रात्रि 8 बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई चल समारोह को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।



### श्रद्धा और उत्साह का दिखा अद्भुत संगम

*सारंगपुर। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चल समारोह व्यायाम शाला हनुमान मंदिर शाखा से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भगवा पताकाएं लहराते कार्यकर्ता और श्री हनुमान जी की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा अखाड़ों के पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी का मन मोह लिया।*

पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

# किसानों के मुद्दे पर युवक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

तहसील के जेठड़ा जोड़ चौराहे पर गेहूं खरीदी की मांग को लेकर युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर सरकार किसानों और गरीबों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसान अपनी फसलों के उचित दाम के लिए भटक रहे हैं और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री रचना जैन, गजेन्द्र सिसोदिया, विष्णु शर्मा, चिराग परमार और मनीष परमार आनंद सिंह मेवाडा केदार सिंह मेवाडा अनोखी लाल सिसोदिया आकाश राजपूत सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कन्या उमावि एवं माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव

**जीरापुर।** स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रवेशोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में बच्चों को पुस्तकें एवं सायकिल वितरित की गईं। इस अवसर पर विधायक दांगी ने कहा कि शासन की योजनाओं से विधार्थी लाभान्वित हो रहे हैं , जिससे परीक्षा परिणाम भी अच्छा आ रहा है प्रत्येक छात्राओं को कड़ी मेहनत से अध्यापन कार्य करें और अच्छे अंक प्राप्त करें। कार्यक्रम में प्राचार्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य विधार्थियों का नामांकन 100 प्रतिशत हो। जिन विद्यार्थियों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोडना है। जहां पर नरसिंह पवांर , योगेश गुप्ता सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा। संचालन कविता गुप्ता ने किया।

# गर्मियों में आगजनी से निपटने जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात

## जनपद स्तरों पर कन्ट्रोल रूम में किए स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ग्रीष्म ऋतु में पराली जलाने से होने वाली अत्यधिक गरमी होने एवं अन्य कारणों से होने वाली आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला पंचायत ने कदम उठाए हैं। जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने संपूर्ण राजगढ़ जिले में 57 फायर फाइटर टैंकर तैनात करवाए हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में उपलब्ध रहेगे एवं आगजनी की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचेंगे।

जनपद स्तरों पर इसके लिए कन्ट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। जिले में जिन 57 टैंकरों को तैनात करवाया गया है उनमें जनपद पंचायत राजगढ़ में 10, जनपद पंचायत ब्यावरा में 09, जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में 17, जनपद पंचायत सांरगपुर में 06, जनपद पंचायत खिलचीपुर में 08, जनपद पंचायत जीरापुर में 07 टैंकर शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सेक्टर स्तर पर फायर ब्रिगेड (फायर फाइटर) के रूप में उपयोग हेतु तैयार किया गया है। राजगढ़ जिले में कहीं पर भी आगजनी की घटना होने की जानकारी की सूचना जनपद पंचायत स्तरीय कन्ट्रोल रूम में दी जा सकती है। इस हेतु प्रत्येक जनपद पंचायत स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है। जिसमें आगजनी की जानकारी दी जा सकती है। आकस्मिक स्थिति में 24 घण्टे तैयार रहने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है। जिसकी जानकारी पुलिस थानों में भी साझा की गई है।



# बोर्ड के परिणामों में कृष्णा कान्वेंट ने फहराया परचम

**ब्यावरा-सुठालिया।** स्थानीय कृष्णा कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। परीक्षा परिणामों में चाहत धनगर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मुस्कान सोंधिया 90 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। अन्य मेधावी छात्रों में इमरान शाह, प्रतीक धनगर, सुमित सौंधिया, हिमानी राजपूत, ललित गुर्जर, भानू भिलाला, जीवन सोंधिया, शनि मालवीय सहित अन्य शामिल हैं।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया श्रेय

स्कूल के इस शानदार प्रदर्शन पर संचालक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्राचार्य राधेश्याम सोंधिया, सह-प्राचार्य मनीषा कुशवाह एवं प्रभारी राधेश्याम भिलाला के कुशल मार्गदर्शन को दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं की सफलता में अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं में बानी सेन, पूजा गोस्वामी, स्नेहा विश्वकर्मा, पूर्ति विश्वकर्मा, रेणुका गोस्वामी, मोना वर्मा, मोना राठौर और चंद्रशेखर विश्वकर्मा के विशेष योगदान की सराहना की गई। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पुरस्कृत कर बधाई दी।

सीजीडी जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई संपन्न

# प्राकृतिक गैस नेटवर्क के विस्तार हेतु जिलाधीश ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टारेट सभागर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में आगामी तीन माह के भीतर पाइपलाइन आधारित प्राकृतिक गैस अथवा सिटी गैस नेटवर्क की स्थापना को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने थिंक गैस कपंनी के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर डिमांड के अनुरूप कनेक्शन देने में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिले में स्थापित गैस पाइपलाइन की अद्यतन जानकारी जीआईस मैप के माध्यम से संकलित कर पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएं जिससे बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। कलेक्टर ने नवीन प्राप्त गैस कनेक्शन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रतिदिन सीजीडी लॉगिन आईडी के माध्यम से प्रगति की समीक्षा के निर्देश दिए। सभी शासकीय संस्थानों जैसे अस्पताल, रेस्ट हाउस, छात्रावास, जेल, उपजेल व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में पाइपलाइन गैस कनेक्शन को बढ़ावा देने की बात भी उन्होंने कही।

### 1 हजार उपभोक्ता उपयोग में नहीं ला रहे कनेक्शन

*बैठक में यह भी जानकारी दी ई कि राजगढ़ एवं ब्यावरा में 300 उपभोक्ताओं द्वारा कनेक्शन उपयोग उपरांत बंद कर दिया गया है एवं 1 हजार कनेक्शन उपयोग नहीं किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी गैस उपभोक्ताओं की वार्डवार सूची तैयार कर संबंधित नगर परिषदों को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, परिषदों के सीएमओ, थिंक गैस के प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार उपस्थित थे।*

# जिलेभर में एक साथ 720 ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

31 मार्च की रात पुलिस ने जिलेभर में मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में जिलेभर के 720 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई। इस विशेष अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे। कार्रवाई के दौरान कुल 292 वारंटों का निष्पादन किया गया। इनमें 28 स्थायी वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट तथा 171 जमानती वारंट शामिल हैं। एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वारंट तामील होना पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है।

### होटल ढाबों सहित 30 डेरों पर की गई चेकिंग

अभियान के तहत 8 जिलाबदर व्यक्तियों की जांच की गई, 116 हिस्ट्रीशीटरों को रडार पर रखा गया तथा 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इसके अलावा 75 होटल-ढाबों और 30 डेरों की चेकिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई।

वहीं अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरण दर्ज किए गए, 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 66.42 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बड़े पुल स्थित खेड़ापति मंदिर में भंडारा भी हुआ आयोजित

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधी चार कन्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हनुमान जयंती के अवसर पर नेवज नदी के बड़े पुल स्थित खेडापति हनुमान मंदिर में चार कन्याओं का निःशुल्क विवाह संपन्न करवाया गया। आयोजन के लिए समिति के युवा बीते अनेकों दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे। गुरुवार प्रातः से ही विवाह की रस्में आरंभ करते हुए भगवान के भंडारे की प्रसादी का निर्माण आरंभ करवा दिया गया।

दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान के सम्मुख कन्याओं ने सात फेरे लेकर नवजीवन का आरंभ किया। इसके उपरान्त आयोजन में सम्मिलित हुए सभी अतिथियों, समूचे किशनगढ़ वासियों एवं नगर के लोगों के लिए भगवान के भंडारे का आयोजन आरंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। क्षेत्र के सभी युवा रात्रि तक प्रसादी की परोसगारी में लगे रहे। मंदिर समिति ने सभी आयोजन में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है।



# वियत्री महादेवी वर्मा के स्मरण में काव्यपाठ का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत साहित्य अकादमी द्वारा संचालित मुक्तिबोध सृजन पीठ के तत्वावधान में गत दिवस प्रसिद्ध कवियत्री महादेवी वर्मा स्मरण एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार वल्लभ किशोर शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में निर्देशक ऋषि कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ. भावना शर्मा चैबे सहित कई साहित्यकार मंचासीन रहे जिन्होंने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। उद्बोधन में वक्ताओं ने महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात काव्य पाठ का दौर शुरू हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। सारंगपुर के सुशील व्यास 'सारंग' ने "पीले चावल घर-घर आए, आया बुलावा राम का" प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश शर्मा 'सत्यम' ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मोहन सिंह परमार ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

खेल, संवाद व गतिविधियों के जरिए किए जा रहे प्रयास

# बदलाव की पहल के साथ बच्चों, युवाओं में जागरुकता के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स द्वारा युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गांवों में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) की प्रभावी पहल की जा रही है। इस प्रक्रिया के माध्यम से युवा अपने ही गांव को गहराई से समझने, उसकी समस्याओं, संसाधनों और संभावनाओं को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार को ग्राम टांडीकला में पीस वॉलिंटियर राधेश्याम विश्वकर्मा द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रही विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) कराया, जिसमें युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने गांव की स्थिति को समझने का प्रयास किया। पीस वॉलिंटियर्स का यह प्रयास लगातार जारी है, जिसमें युवा और किशोर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह पहल न केवल युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार बना रही है, बल्कि गांवों में सकारात्मक और स्थायी बदलाव की दिशा भी तय कर रही है। पीस वॉलिंटियर्स द्वारा गांव-गांव में युवाओं को जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने और उन्हें अपने व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



### संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने का यत्न

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि युवा स्वयं संविधान के मूल्यों को समझें, उन्हें अपने जीवन में अपनाएं और अपने समुदाय में भी उसका सकारात्मक प्रभाव फैलाएं। इस प्रयास के माध्यम से गांवों में सम्मान, समानता और भाईचारे का वातावरण मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही बाल सगाई, बाल विवाह, नशा, भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। पीस वॉलिंटियर्स युवाओं और किशोरों के साथ मिलकर संवाद, गतिविधियों और जनजागरूकता के माध्यम से इन मुद्दों पर निरंतर काम कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर क्लब को 1-0 से हराया



**सीहोर**। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में निशुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर के साथ ही ब्लाक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को दो मैच खेले गए थे। जिसमें पहला मैच सीहोर बाइज और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया था, जिसमें सीहोर बाइज ने रोमांचक मुकाबले में क्लब को 1-0 से हराया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर ग्रीन और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर चिल्ड्रन की टीम 2-1 से जीती। इस मौके पर सीनियर खिलाड़ी और मध्यप्रदेश टेंट हाउस समिति के राकेश हांडिया और एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को पहला मुकाबला सीहोर बाइज और क्लब के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से एक मात्र गोल राजेन्द्र ने किया। वहीं दूसरा मैच सीहोर ग्रीन और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर चिल्ड्रन की ओर से युवराज ने दो गोल किए। वहीं एक मात्र गोल ग्रीन की ओर से आशीष ने किया।

### अहमदपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला जलाकर की नारेबाजी

# गेहूं खरीदी में देरी का विरोध, तारीख बढ़ने से नाराज कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

मंहगाई और गेहूं तुलाई की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ विरोध किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



जिले के अहमदपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मंहगाई और किसानों की गेहूं तुलाई में आ रही दिक्कतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से किसान और आम जनता दोनों परेशान हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गेहूं खरीदी में देरी और तुलाई प्रक्रिया में अव्यवस्था से किसान काफी संकट में हैं। वही इस प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदेश में हालात बेहद खराब है, किसान अपने गेहूं की तुलाई के लिए परेशान है, सरकार तारीख पर तारीख दे रही है, गैस सिलेंडर और बिजली दरों में बढ़ोतरी से आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। फिलहाल अहमदपुर में कांग्रेस का ये प्रदर्शन सरकार के लिए एक बड़ा सियासी संदेश माना जा रहा है, देखना होगा कि सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

### मंहगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदेश में बढ़ती मंहगाई और किसानों की गेंहू तुलाई को लेकर आ रही समस्याओं के विरोध में ब्लाक कांग्रेस ने शुक्रवार को अहमदपुर में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंहगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया, जिन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसान और आम जनता दोनों ही त्रस्त हैं। प्रदर्शन के दौरान, कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे आगामी दिनों में बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में मंहगाई ने आम जीवन को प्रभावित किया है, और किसानों को गेंहू तुलाई में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समापन में, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर सरकार ने शीघ्र ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए तो वे अपनी लड़ाई को और भी उग्र करेंगे।



### प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुर्जर अहमदपुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती वरिष्ठ कांग्रेस नेता खुमान सिंह गुर्जर, वीर सिंह दाँगी राकेश अहिरवार, अफजल पठान ज़फर भाई मरेठी, अरुण मेवाड़ा , मोहित मेबाड़ा, हिरदेश दाँगी पूर्व सरपंच मझेड़ा चंद्रप्रकाश , मझेड़ा सुरेंद्र लोधी बरखेड़ा हसन, इदरीश मेव रियाज भाई प्रताप रसूलपुरा, कुलदीप पीपलखेड़ा, राहुल गोर चरनाल रईस हेलपु दिनेश गोर मेडोरा,वीरेंद्र गुर्जर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 6 राज्यों के हुए टूर्नामेंट में मप्र का रहा दबदबा

**विधायक ने कप्तान राधा का किया सम्मान**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भले ही टीम दिव्यांग सदस्यो की हो,लेकिन जब इरादे बुलंद हो और आसमान को मुठ्ठी में करने का जज्बा हो तो बुलंद हौसला सफलता को आने से कोई नही रोक सकता है,गुजरात के बड़ोदरा में हाल ही में सम्पन्न हुए जीडब्लूपीएल टूर्नामेंट जिसमे 06 राज्यो की दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने भाग लिया। उसमे मप्र की टीम की सभी दिव्यांग खिलाड़ियों ने बुलंद हौसले के साथ मैदान में उतरकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया और फायनल मुकाबला जीता। टीम की कप्तान राधा बडगुजर जिन्हें अच्छे प्रदर्शन पर मेन ऑफ दा मैच, मेन ऑफ दा सीरीज,बेस्ट बॉलर का अवार्ड दिया गया। स्मरण रहे मप्र दिव्यांग महिला टीम की कप्तान राधा बडगुजर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छायन कला सिद्दीकगंज की रहने वाली है। टूर्नामेंट सम्पन्न होने के बाद वे आज लौटी । आज विधायक कार्यालय पर बड़ी उपलब्धि हॉसिल करने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने राधा बडगुजर का स्वागत सम्मान कर उनेह एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी ।इस अवसर पर भाजपा के सुशील संचेती, विशाल चौरसिया, सुनील आर्य, विष्णु परमार, धनरूपमल जैन, बाबूलाल जाटव सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने भी बहन बडगुजर का स्वागत सम्मान कर बधाई दी।

# शीतला माता मंदिर पर नवचंडी महायज्ञ और मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्राचीन सिद्धपीठ मां शीतला माता मंदिर पहाड़ी कजलास में आयोजित विश्व कल्याणार्थ नवचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति की गइ। इस दौरान भागवत कथावाचक राजेश शर्मा के मुखारविंद से सप्त दिवस कथा का हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल के शुभ दिन पर समापन किया। सप्तगांव की समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पधारे अतिथि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का समिति के अध्यक्ष सरपंच धर्मेंद्र राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू व्दारा स्वागत किया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर गांव में निकाली धर्म ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तहसील के ग्राम चाचारसी में विराजित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। धुमधाम से हनुमान जी का अभिषेक, यज्ञ और जन्मोत्सव का अनुष्ठान नगरपूरोहित पं मनीष पाठक पं डॉ दीपेश पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम श्रीगणेश गौरी पूजन वैदिक मन्त्रोचार के साथ प्रारंभ हुआ। उसके के बाद मंदिर परिसर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में अभिषेक ,यज्ञ एवं जन्मोत्सव का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। धार्मिक संस्कार लगातार आठ घण्टे तक चले। इस दौरान मंदिर में हनुमान भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। पूरा गांव हनुमान की भक्ति में डूब गया पौराणिक कथा के अनुसार, केसरी राज के साथ विवाह करने के बाद कई वर्षों तक माता अंजना को पुत्र सुख की प्राप्ति नहीं हुई। हनुमान जयंती चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है।. कहते हैं कि इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। वहीं इस दिन हनुमान जी की पूजा विधि-विधान से करने पर हनुमान जी सारे कष्टों को दूर करते हैं।



### महाआरती में दिखा उत्साह

भगवान श्री हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पर आरती प्रातः कालीन समय पर संपन्न हुई शाम को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ प्रदोष काल में श्री हनुमान जी के साथ ही यज्ञ नारायण देवता की आरती संपन्न की गई जिसमें सभी ग्रामीण वासियों का उत्साह चरम पर रहा मंदिर का दिव्य श्रृंगार भाव विभोर करने वाला रहा। मंदिर में महाप्रसाद भोग भण्डारा का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड लगी रही । सभी अपने अराध्य देव हनुमान की पूजा में लगे रहे मंदिर में लगातार हनुमान चालीसा का पाठ भी होता रहा मंदिर परिसर में पूरी साज सज्जा भी की गई थी।

### धर्म ध्वजा को भ्रमण कराया

सभी ग्राम वासियों ने यज्ञ के समापन के बाद गांव की सुख समृद्धि और सभी बाधाओं की मुक्ति के लिए श्री हनुमान जी सरकार का धर्म ध्वजा का भ्रमण संपूर्ण गांव की सीमा के अंदर कराकर खेड़ापति मंदिर के शिखर पर लगाया गया। इसीके साथ ही इस दिन ग्राम गुलरिया में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे के पूर्व विधिवत प्रातः कॉल जलाभिषेक कर यज्ञ नारायण देवता को सुख समृद्धि के लिए विशेष आहुतियां दी गई इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

## सामाजिक संगठनों की संयुक्त बैठक संपन्न

**सीहोर**। सभी सामाजिक संगठनों एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में वसुंधरा गार्डन सीहोर में ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष श्याम मीणा एवं अपाक्स जिलाध्यक्ष कमल कीर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी संगठनों द्वारा 11 अप्रैल को संयुक्त रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती की जयंती भव्यता के साथ मनाई जावेगी। ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव पर चल समारोह निकालकर एवं सभा आयोजित कर महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाहित में किये गये उत्कृष्ठ कार्यों एवं समाज के प्रति उनके संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जावेगा व उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जावेगा। इस अवसर पर उपस्थित जनों में प्रमुख रूप से दिनेश पुष्पद, श्याम मीणा, कमल कीर, मुकेश कुशवाह, गुलाब सिंह बागवान, रामचन्दर माली, विष्णु प्रसाद कुशवाह, जनम सिंह परमार आदि उपस्थित थे।

# दो महीने बाद आयुष्मान घोटाले की जांच के निष्कर्ष पर पहुंची जांच टीम, सोमवार को सौंपेगे जांच रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना इनसेंटिव में 46 लाख रुपए से अधिक के घोटाले को उजागर हुए 2 माह बीत चुके हैं ऐसे में अब जाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित जांच टीम अपनी जांच के निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है। सोमवार को आयुष्मान घोटाले की जांच रिपोर्ट को यह जांच टीम सौंपने जा रही हैं। लिहाजा डेढ़ महीने तक चली लंबी और बारीकी से हुई जांच के निष्कर्ष को जांच टीम को लीड कर रहे सिविल सर्जन डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव मीडिया से साझा करने से कतरा रहे हैं। मीडिया को जांच निष्कर्ष नहीं बता रहे हैं।

### यह है पूरा घोटाला

आष्टा के सरकारी अस्पताल में केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में हुए 46 लाख रुपए से अधिक के बड़े घोटाले के सामने आने के दो माह बाद भी भ्रष्ट आरोपियों पर नाही अब तक पुलिस में अपराधिक मामला दर्ज किया गया है नाही अब तक नौकरी से बर्खास्त किया गया है और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ जांच चल रही है। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने वर्ष 2017-18 से लेकर वर्ष 2023 तक सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मिलने वाले इनसेंटिव को गलत तरीके अपने रिश्तेदारों के खातों में डालकर 46 लाख रुपए से अधिक का घोटाला कर डाला था।

### रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर

सिविल अस्पताल में पदस्थ फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार ने गलत तरीके से आयुष्मान योजना के इनसेंटिव को अपनी पत्नी दीक्षा परमार सहित अपने करीबी रिश्तेदार कांता परमार , शुभम परमार, बबीता परमार के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया और यह राशि 27 लाख रुपए से अधिक की है वही एक और आरोपी जगदीश मेवाड़ा ने भी आयुष्मान योजना इनसेंटिव को अपने खातों में ट्रांसफर कर डाला है जिसमें 18 लाख रुपए से ज्यादा की राशि शामिल है जगदीश मेवाड़ा ने अलग अलग बैंक खातों में इन राशियों को ट्रांसफर किया है और इसमें 55000 हजार की राशि अपनी पत्नी सागर मेवाड़ा के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की है।

**इनका कहना है**

सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना इनसेंटिव में 46 लाख रुपए के हुए घोटाले की जांच पूरी कर ली गई है और हम जांच के निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं सोमवार को हम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया को यह जांच रिपोर्ट सौंपेंगे। अभी हम आपको जांच का निष्कर्ष नहीं बता सकते हैं

**डॉक्टर उमेश श्रीवास्तव**, सिविल सर्जन

# अखंड ज्योति का गरबे के साथ समापन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा। अखंड ज्योति के कार्यक्रम का शुक्रवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया। पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था। जहां आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान कर आशीर्वाद लिया। ग्राम वासियों ने हवन पूजन महा आरती कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया जहां समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की शुक्रवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस



ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ तालाब पर पहुंचा जहां महा आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा राजेश जोशी मांगीलाल पटेल सेंधव देवेंद्र ठाकुर पवन ठाकुर महेंद्र राजपूत गोलू पटेल हरिओम ठाकुर वीरेंद्र ठाकुर दीपक विजेंद्र राजपूत हेमंत ठाकुर लखन ठाकुर जतिन ठाकुर योगेंद्र ठाकुर रूपेश डेरी हरेंद्र ठाकुर अरविंद ठाकुर गौरव ठाकुर पुष्पेंद्र ठाकुर पंकज महेश्वरी व नवदुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्य व ग्राम वासी उपस्थित थे।

### पंचायतों को सौंपे पानी के टैंकर सरपंचों ने विधायक का किया सम्मान

# जल संकट से ग्रामीणों को परेशान नहीं होने दूंगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भीषण गर्मी में मानव को या मूक पशुओं को प्यास लगी हो और ऐसे समय मे अगर उसे पीने का शीतल जल मिल जाये,तब पानी पीने के बाद उसके दिल से जो दुआ, आशीर्वाद के शब्द-भावना निकलती है, निश्चित माने वो भावना आपके जीवन की अनमोल निधि होती है। यू तो अभी तक हर पंचायत में,पंचायतों के ग्रामो में गम्भीर जल संकट की कोई स्तिथि नही है फिर भी मेरा प्रयास है की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी के टैंकर उपलब्ध कराऊं ताकि हर घर तक टैंकर से पानी पंचायत पहुचा सके। उक्त उदगार आष्टा के सक्रिय एवं संवेदनशील विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज विधायक कार्यालय में आष्टा विधानसभा क्षेत्र की 07 ग्राम पंचायतों को गर्मी में जल संकट से निपटने,हर घर तक पानी पहुचाने के लिये पानी के टैंकरों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। विधायक इंजीनियर ने कहा की मेरा लक्ष्य है कि आष्टा जनपद की सभी 144 पंचायतों को



पानी के टैंकर उपलब्ध करा दू। इसी लक्ष्य के तहत अभी तक 90 से अधिक पंचायतों को टैंकर उपलब्ध करा दिये है,शेष बची पंचायतों को भी जल्द ही पानी के टैंकर उपलब्ध करा दिये जायेंगे । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज एक सादे समारोह में आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत रौलागाँव, बैजनाथ,नोंगाँव, चुपाड़िया, रसूलपुरा, कजलास, टीटोरिया को पेयजल हेतु पानी के टैंकर प्रदान किये गये। विधायक इंजीनियर ने केसरिया ध्वज लहराकर सभी 7 टैंकरों को उनकी पंचायतों की ओर रवाना किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उक्त अच्छी सोच के प्रति टैंकर लेने आये सभी पंचायतों के सरपंच गणों द्वारा विधायक का स्वागत,सम्मान कर पंचायत के सभी नागरिको की ओर से आभार व्यक्त किया गया। निश्चित अब टैंकरों के मिलने से पंचायत अपने सभी ग्रामवासियों को सुलभता से पीने का पानी उपलब्ध करा सकेंगे एवं गर्मी के मौसम में आने वाली पानी की समस्या शुगमता से दूर होगी।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य,विशाल चौरसिया,सुशील संचेती, धनरूपमल जैन,सौरभ जैन,विष्णु परमार,वीरेन्द्र ठाकुर,प्रतीक भावसार, संजय मालवीय, नरेन्द्रसिंह ठाकुर, बिट्टू जैन, राधेश्याम वर्मा, जितेन्द्र सिठोलिया, दिनेश पंवार, जितेन्द्र सोलंकी, महेंद्रसिंह ठाकुर, बाबूलाल जाटव, धर्मेन्द्रसिंह, संतोष कुमार, सोबालसिंह, मुकेश परमार, सजनसिंह मेवाडा,इंदरसिंह राणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन उपस्तिथ थे।

# भाजयुमो के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बने ऋषि सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर और प्रदेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सफर शुरू करने वाले ऋषि सोनी को भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजयुमो मध्यप्रदेश के सह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। इस मौके पर शुक्रवार को अनेक स्थानों पर नव नियुक्त प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री सोनी का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री सोनी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने ऋषि सोनी का बुके और फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस नियुक्ति से युवा शक्ति को बढ़ावा मिलेगा और संगठन मजबूत होगा। प्रदेश में अपनी अलग ही पहचान बनाने वाले राष्ट्रवादी मानसिकता से प्रेरित प्रियतोष ऋषि सोनी बचपन से ही संघ की शाखा में जाते थे, संघ के स्वयंसेवक के रूप में निरंतर सेवाकार्यों, धार्मिक आयोजनो में व्यस्त रहे। सन 2015 में इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक विद्यालयीन विद्यार्थी के रूप में छात्र राजनीति में कदम रखा, शहर स्थित ऑक्सफोर्ड विद्यालय के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए, फिर राष्ट्र भक्ति को अपनी शक्ति मान कर माँ भारती की सेवा का जज्बा मन मै लिए एक साधारण से बालक द्वारा आरंभ किया गया।